सार-समाचार

गैंगस्टर शिवराज सिह हाड़ा को जेल भेजा

कोटा, (निसं)। बड़े महाप्रभु मंदिर के पुजारी को धमकाने व मंदिर की जमीन विवाद के मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे गेंगस्टर शिवराज सिंह हाड़ा को गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से गैंगस्टर शिवराज सिंह हाड़ा को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस रिमांड अवधि के दौरान पुलिस टीम ने हार्डकोर आरोपी शिवराज सिह के पास से दो हथियार, दो लग्जरी कारें, भारी मात्रा में कारतूस एवं 7.40 लाख रूपये नकद प्राप्त किये है। पुलिस उप अधीक्षक गंगा सहाय शर्मा ने बताया कि मंदिर के पुजारी विनय गोस्वामी ने कैथूनीपोल थाने में मंदिर की जमीन पर कब्जा व धमकाने के मामले को लेकर हार्डकोर आरोपी शिवराज सिंह व उसके सात-आठ साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर शिवराज सिंह हाड़ा सहित उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि पुलिस रिमांड अवधी के दौरान गैंगस्टर शिवराज सिंह के पास से दो हथियार, 100 से अधिक मात्रा में कारतूस, दो लग्जरी कार एवं उसके पास से वसूले गये 7.40 लाख रूपये नकद प्राप्त किये। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए गैगस्टर शिवराज सिंह व उसके कुछ साथियों को पकड़ा था। हार्डकोर आरोपी शिवराज सिंह हाड़ा के साथ गिरफ्तार उसके साथियों को पूर्व में न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं रिमांड अवधि पूरी होने के बाद गैगस्टर शिवराज सिंह हाड़ा को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

तिरंगा यात्रा रैली को लेकर बैठक हुई

कोटा, (निसं)। 16 मई को भव्य तिरंगा यात्रा रैली को लेकर तिरंगा यात्रा समन्वयक भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम कोटा संभाग यात्रा समन्वयक हेमंत कृष्ण विजयवर्गीय,अनुसुईया गोस्वामी एवं संयोजक विवेक राजवंशी सहसंयोजक सत्यनारायण शर्मा के सानिध्य में तैयारी बैठक जीएमए प्लाजा सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की सेना के सम्मान में शुक्रवार 16 मई 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के गरिमामय सानिध्य में रामपुरा पीपल के पेड़ से लाडपुरा, खाई रोड़, नयापुरा चौराहा, उम्मेद क्लब होते हुए शहीद स्मारक तक भव्य "तिरंगा यात्रा" का आयोजन रखा गया है। जैन ने कहा कि पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक अंजाम देकर, आतंकवादियों के ठिकानों पर प्रहार कर नष्ट कर दिये। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन मिसाइल और हवाई हमलों के सैकड़ों प्रयास किये उन्हें भारतीय सेना ने तकनीकी कौशल से आसमान में ही विफल कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हर तरह से पराजित किया। सेना के इस महान शौर्य का देश की जनता की और से गौरव पूर्ण सफलता का धन्यवाद ज्ञापन का कार्यक्रम तिरंगा यात्रा है। भारतीय सेना जिन्दाबाद की भावपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ, राष्ट्रध्वज तिरंगे के नेतृत्व में आम जन सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

पेयजल के लिये 89.74 लाख रुपए स्वीकृत

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर सांगोद विधानसभा क्षैत्र के दरा मोरू कलां क्षैत्र में निर्बाध और शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 89.74 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इससे मोरूकलां में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से मोरूकलां दरा क्षेत्र में पेयजल का विकट संकट हो रहा था। क्षैत्र को मण्डाना पेयजल स्कीम से जोड़ने के बावजूद भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा था। पशुपालन क्षेत्र होने के कारण पेयजल उपलब्ध नहीं होने से पशुओं एवं आमजन को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऊर्जा मंत्री के दौरे के दौरान ग्रामवासियों द्वारा पेयजल समस्या से अवगत कराया गया था। मंत्री श्री नागर ने मौके पर ही चीफ इन्जीनियर (ग्रामीण) जयपुर से बात कर पेयजल समस्या को दूर करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद 8 दिन के अन्दर ही 89.74 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। जिससे संकट दूर होगा एवं जनता को निरन्तर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

कोटा, (निसं)। तालेड़ा थाना इलाके में हाईवे पर सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों में से एक युवक की मौत हो गई। दोनो युवक मोटरसाईकिल से शादी में शामिल होने के लिये कोटा से बरूधन चौराहे की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के धनावा रिसोर्ट के पास दो युवको के सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिली। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सड़क हादसे में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। सड़क हादसे में घायल शुभम् प्रजापत (28) की मौत हो गई एवं एक अन्य घायल उसके साथी संजय को हल्की चोटें लगी। शुभम् प्रजापत और संजय दोनों शादी समारोह में शामिल होने के लिये मोटरसाईकिल से कोटा से बरूधन की ओर जा रहे थे, हाईवे पर मोटरसाईकिल के सामने अचानक गाय आ जाने से दोनो युवक घायल हो गये। हादसे में घायल शुभम प्रजापत की मौत हो गई।

'समर फन पार्टी' का आयोजन

कोटा, (निसं)। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, कोटा द्वारा अपने बाल-भवन परिसर में एक विशेष 'समर फन पार्टी' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला, मंत्री बिट्ठल दास मूँदड़ा, स्कूल के प्रशासक राजेद्र कुमार जैन, प्राचार्य अमित कुमार शर्मा व उपप्राचार्य भक्ति निगम उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य नन्ने-मुन्ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों की शुरुआत के अवसर पर मनोरंजन और रचनात्मकता से भरपूर अनुभव प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रंग-बिरंगे सजावटों और स्वागत गीतों के साथ हुई। बच्चों ने पार्टी में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया, जिनमें डांस, म्यूजिकल गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, और बाल-भवन परिसर में ही स्वादिष्ट समर स्नैक्स आदि के स्टॉल लगाये गए।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज

रामगंजमण्डी, (निसं)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शुक्रवार को जिले में चिकित्सा विभाग की ओर से कई गतिविधियां की जाएंगी। मच्छर जनित डेंगू की रोकथाम व बचाव, उपचार के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि डेंगू से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू से बचाव, रोकथाम के लिए जागरूकता रैली व शपथ के आयोजन, नारा लेखन, एंटीलार्वल गतिविधियां, चिकित्सा संस्थानों में आईईसी कॉर्नर व ओपीडी में लार्वा का प्रदर्शन आदि गतिविधियां होंगी। इस संबध में सभी बीसीएमओ व चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को जरूरी निर्देश जारी किए गए हैं।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा थाना इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे पर लटके युवक को नीचे उतार कर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चेरी में रखवा दिया है। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि इलाके के कोटड़ी भोई मोहल्ला निवासी राजेन्द्र (45) ने घर पर कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

खैराबाद पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय का शत प्रतिशत रहा परिणाम

रामगंजमण्डी, (निसं) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 एवं 12वीं के परिणाम में खैराबाद पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों ने कमाल करके दिखा दिया। जिस कारण विद्यालय का परिणाम शत् प्रतिशत रहा है। जिसमें कक्षा 10वीं में 80 एवं 12वीं 69 बच्चे परीक्षा में बैठे थे। सभी प्रथम श्रेणी में उर्तीण हुए है। प्राचार्य आर के मीणा ने बताया कि कक्षा 10वीं में अवनी जैन 96.6 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में निकिता 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय टॉपर रही है। अवनी जैन कक्षा 10वीं में विद्यालय ही नहीं अपितु खैराबाद ब्लॉक टॉपर रही हैं।

गुर्जरगौड ब्राह्मण समिति के चुनाव

कोटा, (निसं)। गुर्जरगौड ब्राह्मण समिति दादाबाड़ी क्षेत्र कोटा के वर्ष 2025-26 अध्यक्ष, महामंत्री एवं सदस्यों के निर्वाचन 17 मई शनिवार को प्लाट संख्या 18 गोदावरी धाम योजना अमर निवास मार्ग कोटा गौतम वाटिका दादाबाड़ी में संपन्न कराए जाएंगे। नामांकन पत्र 16.5.2025 शुक्रवार रात्रि 8.00 बजे तक दिए जाएंगे। ये जानकारी चुनाव अधिकारी श्याम मनोहर आचार्य ने दी है।

कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन, मंत्री विजय शाह की जुबान को फिनायल और वाइपर से साफ किया

■ कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी के नेतृत्व में अनूठा प्रदर्शन किया

कोटा, (निसं)। मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। कोटा में भी प्रदेश कांग्रेस सदस्य क्रांति तिवारी के नेतृत्व मे विजय शाह के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का 10 फुट ऊंचा और 10 फुट लंबी जुबान का कट आउट बनाया और उसे मंत्री की गंदी जुबान बताते हुए फिनायल और वाइपर से साफ किया।

तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के द्वारा दिए गए भाषण में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया अंसारी के लिए जिस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है वह बहुत निंदनीय है। मंत्री ने जिस तरीके की भाषा का इस्तेमाल किया है वह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की छोटी मानसिकता को दर्शाता है।

भारत की बेटी और सेना में रहकर अपने देश की सेवा करने वाली हमारी बहादुर कर्नल सोफिया अंसारी के लिए जिस प्रकार की अभद्र भाषा का उपयोग मंत्री के द्वारा किया गया है और जिस प्रकार की मंत्री के द्वारा माफी मांगने की नौटंकी की जा रही है वह सिर्फ एक मौकापरस्ती है। वह सिर्फ माफी अपने मंत्री पद को बचाने के लिए मांग रहा है। जबकि भारतीय जनता पार्टी को और मध्यप्रदेश की सरकार को उनको तुरंत प्रभाव से पार्टी से बाहर निकालना चाहिए।

प्रदर्शन में कांग्रेस जिला महासचिव एडवोकेट मनीष गुर्जर, सेवादल के अध्यक्ष अब्दुल हमीद गौड़, धीरेन्द्र शर्मा,पवन मीणा, राकेश पीपाड़ा, इमरान कुरैशी, डीके विजय हिरदेश सक्सेना, बद्री मेघवाल, मुकेश भटनागर, इकबाल चौधरी, अशोक मेघवाल, उदय भान सिंह गौड़ तौसीफ खान, अमर सिंह पवार, नितेश महावर, राजकुमार वर्मा, हर्ष शर्मा, सौरभ विजय, अशफाक खान, दीपक मीणा, कमल सिंह भाटी, गोपाल सेन, हर्ष गौतम राममोहन गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी, राहुल मेहर मौजूद थे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में 148 परिवाद आये

कोटा, (निसं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जन-आभियोग सतर्कता समिति की बैठक में गुरुवार को कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने लगभग 148 प्रकरणों की व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से विविध विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अतिक्रमण, आधार-जन आधार में नाम जोड़ना, सीमाज्ञान, जल निकासी, तथा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने जैसे मामले शामिल थे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए सीमाज्ञान, खेतों के रास्ते, जल निकासी और सरकारी रास्तों से अतिक्रमण हटाने जैसे मामलों पर कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार और सीएडी की संयुक्त टीम गठित कर सात दिन के भीतर मौके पर जाकर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शहरी क्षेत्रों से सफाई, अतिक्रमण और जर्जर भवनों से संबंधित कई प्रकरण आए, जिन पर कलेक्टर ने नगर निगम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधीन सरकारी आवास को लंबे समय से खाली नहीं करने के प्रकरण में वीडियोग्राफी के साथ विधि अनुसार आवास खाली कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अनेक वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के अंतर्गत अपनी संतान के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुँचे। इस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिले एवं उनकी शिकायतों का विधिक समाधान समयबद्ध ढंग से हो। मीटर कनेक्शन, पार्कों के विकास, सीसी रोड निर्माण और सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी उपलब्ध न कराए जाने जैसे प्रकरणों पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे समय-सीमा में सभी समस्याओं का निस्तारण करे।

अवैध गांजा एवं अवैध मेफेड्रोन (एमडी) की जप्त, दो गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही को अंजाम देते हुए अवैध मादक पदार्थ मेफेड्रोन (एमडी) सहित एक व्यक्ति को पकड़ा, वहीं दूसरी कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक जने को गिरफ्तार किया है।

दोनों कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गेदर्शन में की गई। उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाईकिल से अवैध मादक पदार्थ मेफेड्रोन (एमडी) छिपाकर ले जा रहा है। उक्त सूचना पर सीबीएन चितौड़गढ़ के अधिकारियो की एक टीम का गठन किया गया। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चितौड़गढ़ की टीम ने नरपतखेड़ी फ्लाईओवर के नीचे चितौड़गढ़ -कपासन रोड़ पर कार्यवाही करते हुए मुखबीर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर उक्त मोटरसाईकिल सवार को रोका और तलाशी लेते हुए उसके पास से अवैध मेफेड्रोन (एमडी) 0.246 किलोग्राम बरामद की।

उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने मौके पर कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद बरामद एमडी और मोटरसाईकिल को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

गांजा बरामद-उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा और भवानीमंडी की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए कैथून के पास अवैध मादक पदार्थ 16.210 किलोग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को पकड़ा है। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कैथून कोटा के बाहरी इलाके से अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करेगा। उक्त सूचना पर कोटा और भवानीमंडी के अधिकारियों की टीम का गठन कर मौके पर भेजी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 16.210 किलोग्राम गांजा बरामद किया। टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि दोनो मामलों में आगे की जांच की जा रही हैं।

सार-समाचार

कांग्रेसजनों ने वृक्षारोपण किया

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय सलाहकार अनूप कुमार सूद की द्वितिय पुण्यतिथि पर कांग्रेसजन जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया और सेवादल प्रदेश सचिव अमित सूद ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहले अनूप कुमार सूद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए और उसके बाद अनूप कुमार सूद की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया इस दौरान रविन्द्र त्यागी ने कहा कि अनूप कुमार सूद कांग्रेस सेवादल के सच्चे और निष्ठावान कार्यकर्ता थे जिन्होंने कोटा की धरती से राजस्थान और दिल्ली तक मुख्य राजनीति तक पहुंचे और पूरे भारत के हर राज्य में सेवादल के प्रदेश प्रभारी बन कर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया। आज अनूप कुमार सूद हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनका जीवन सभी कांग्रेस के साथियों के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत, सचिव राजू पहाड़िया, वक्फ बोर्ड उपाध्यक्ष साजिश खान लाला, सेवादल के पूर्व अध्यक्ष मनोज दुबे, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष जोगेंदर बीरवाल, महामंत्री प्रशांत सक्सैना, सेवादल के उत्तर अध्यक्ष अब्दुल हमीद गौड़, दक्षिण अध्यक्ष प्रेम लाहोड़िया, माया जैन, रफिक, कफिल अहमद, पार्षद मनीष गुर्जर, राजेश वर्मा, संतोष सुमन, शाकिर मंसूरी, सोहेल तनवीर, नफीस कुरेशी, शाकिर अली, ओम चावला, महेश रेगर मुकेश प्रजापति, कै.सी जेलिया, बुधराज सिंह हाड़ा, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे सभी ने अनुप कुमार सूद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

भाजपा कार्यालय भूखण्ड का भौतिक कब्जा सौंपा

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण कोटा के अधिकारियों ने 80 फिट रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कोटा जिला कार्यालय के भूखण्ड पर भौतिक रूप से उपस्थित रहकर, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन को भूखण्ड का कब्जा सौंपा। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की इस भूखण्ड पर अतिक्रमण होना संज्ञान में आया था, जिसे केडीए कोटा को अवगत करवाया गया। केडीए अधिकारियों ने भूखण्ड से अतिक्रमण ध्वस्त कर, आज भूखण्ड का भौतिक कब्जा भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा को सौंपा। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की भारतीय जनता पार्टी को कार्यालय भवन निर्माण हेतु राजस्व ग्राम रामचन्द्रपुरा के खसरा नं0 19/380 पुलिस लाईन से धानमण्डी जाने वाली सडक पर 3000 वर्गमीटर भूखण्ड का आवंटन किया गया है। बहुप्रतिक्षित भारतीय जनता पार्टी कोटा के जिला कार्यालय हेतु भवन निर्माण का कार्य अतिशीघ्र शुरू होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत विजय, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौडा, देवेन्द्र राही, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, बोरखेड़ा मण्डल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, उद्योग नगर मण्डल अध्यक्ष मनोज तलाईचा, नयापुरा मण्डल अध्यक्ष संजय समीर सैनी, छावनी मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र मेघवाल, कुलदीप सिंह तलवार, जयप्रकाश तुषिया, रोहित महावर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उपखण्ड कार्यालय में 20 तक फार्म होंगे जमा

छबड़ा (निसं)। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के आवेदन उपखंड कार्यालय में 20 मई तक भर कर जमा किए जाने है। जिसमें विषेश योग्यता रखने वाले स्थानीय नागरिकों जिसमें तैराक, गोताखोर, वाहन चालक, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन डिग्री या डिप्लोमाधारी, एनसीसी, स्काउट गा ड, नर्सिंग, रिटायर्ड राजकीय शारीरिक शिक्षक, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, आशा सहयोगिनी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, भूतपूर्व सैनिक को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रारूप उपखंड कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र मय शपथ पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ उपखंड कार्यालय के कमरा नंबर सात में जमा कराए। यह जानकारी एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने दी हैं।

पेंशनर्स समस्या समाधान संभागीय बैठक

झालावाड़ (निसं)। राजस्थान पेंशन समाज की संभागीय बैठक का आयोजन बुधवार को 3 बजे अतिरिक्त निदेशक पेंशन विभाग कोटा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक श्री दिनेश शर्मा द्वारा की गई। बैठक में कोषाधिकारी महोदय कोटा तथा बारां जिले से पेंशनर समाज अध्यक्ष श्री दिनेशचन्द गुप्ता, बूंदी जिले के पेंशनर समाज अध्यक्ष चतुर्भुज महावर, झालावाड़ जिले के पेंशनर अध्यक्ष भंवरसिंह राजावत और संभागीय मंत्री हाजी मोहम्मद फरीद कुरैशी ने भाग लिया।

जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

झालावाड़, (निसं)। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन की शिकायतों और समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में मई माह के तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया गया। यह जनसुनवाई मिनी सचिवालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी जनसमस्याओं के प्रति सजग रहें और पूरी संवेदनशीलता के साथ आमजन से संबंधित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित करीब 47 परिवेदनाएं प्राप्त हुई। इनमें अतिक्रमण हटाने, रास्ते से संबंधित विवाद, आवासीय पट्टा जारी करवाने, खेत तक पहुँच मार्ग खुलवाने जैसे विषय शामिल थे।

अतिक्रमण से जुड़े मामलों में कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मौके का निरीक्षण कर तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। रास्ते से संबंधित विवादों में उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व अभिलेखों की गहन जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और सभी पक्षों की सुनवाई कर न्यायसंगत निर्णय लिया जाए।

जिला कलेक्टर ने इनमें से अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। कलक्टर राठौड़ ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक परिवादी की बात को गंभीरता से सुनें और समस्या के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र को आमजन के विश्वास का प्रतीक बनाना ही जनसुनवाई कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य है।

ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नुक्कड़ नाटक पर मंचन

■ कोटा एवं सवाई माधोपुर स्टेशन तिरंगे की रोशनी से जगमगाया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में बुधवार शाम कोटा रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित स्काउट एवं गाईड तथा सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

यह नाटक भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और सम्मान को समर्पित था, जिसने दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी। नाटक की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि से हुई, जिसमें देश के वीर सैनिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हमारी सेना केवल सरहदों की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि हर भारतीय की रक्षा में अपनी जान को बाजी लगाकर सिंदूर की असली कीमत समझाती है।

इसके अतिरिक्त भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य शौर्य का प्रदर्शन करने पर कोटा एवं सवाई माधोपुर स्टेशनों की बिल्डिंग को तिरगें की रोशनी से सजाया गया है तथा स्टेशनों पर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गानों का भी प्रसारण किया गया।

नाटक के माध्यम से सभी यात्रियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सदैव देश के जवानों के सम्मान और बलिदान को स्मरण रखें। इस अवसर पर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (सामान्य) धर्मेन्द्र कस्तवार, स्टेशन निदेशक एन.के मीना सहित अन्य रेलवे अधिकारीगण एवं भारी संख्या में यात्रीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं उपस्थित यात्रियों ने नाटक की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

1045.2025